हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 2 मई 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 धौराभाठा-भोथा में समतलीकरण की आड़ में मुरुम का काला खेल ...



13 स्कूलों से 'गायब' हो रहे लड़के क्लासरूम में बेटियों का राज




## खबर संक्षेप

### सिन्हा समाज के नवीन भवन का भूमिपूजन आज

**धमतरी।** कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा रत्नाबांधा रोड स्थित सिन्हा समाज भवन परिसर में नवीन भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन आज एक मई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। लगभग 30 लाख रुपये की लागत बनने वाला यह भवन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। आयोजन की तैयारी में कलार समाज मंडल धमतरी के मंडलेश्वर संतोष कुमार सिन्हा, सचिव यशवंत सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष हेमशंकर सिन्हा सहित अन्य सदस्य जुटे हैं।

### प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को

**कुरूद।** संतगुरु घासीदास कालेज में बीसीएस चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र, डीएससी, डीएसई, जीई के नियमित, भूतपूर्व, एटीकेटी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को प्रातः 10 बजे निर्धारित की गई है। इसी प्रकार एमएससी द्वितीय सेमेस्टर माईक्रोबायोलाजी की प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को ही प्रातः 9 बजे होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रायोगिक फाइल, लेखन सामग्री के साथ उपस्थित होंगे।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 4 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की बैठक 4 मई सोमवार को सुबह 10 बजे रूद्रेश्वर महादेव घाट रूद्री में रखी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया कि बैठक में संघ से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष गोपाल पवार, नगरी ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक एवं मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने ब्लॉक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### प्रयास में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**धमतरी।** प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। परीक्षार्थी उक्त वेबसाईट पर जाकर प्रवेश पत्र 9 मई तक प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में बाद नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# प्रदेश में कुरुद का बजा डंका, मंदरौद बनी नंबर-1 ग्राम पंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) में धमतरी जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। ताजा जारी रैंकिंग के अनुसार कुरुद विकासखंड की मंदरौद ग्राम पंचायत ने गरीबी मुक्त एवं आजीविका संवर्धन (थीम-1) में 94.4 अंक अर्जित कर पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है।

## पीडीआई रैंकिंग में हासिल किया शीर्ष स्थान

### जनप्रतिनिधियों ने सराहा

इस उपलब्धि पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे छत्तीसगढ़ के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार के प्रयास अब जमीन पर परिणाम देने लगे हैं। कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने इस सफलता का श्रेय जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और ग्रामीणों की सामूहिक भागीदारी को देते हुए इसे धमतरी मॉडल की सफलता करार दिया।



### प्रशासन की भूमिका भी रही अहम

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग के चलते यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने भविष्य में भी विकास के इसी गति को बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। मंदरौद ग्राम पंचायत की यह उपलब्धि दर्शाती है कि मजबूत नेतृत्व, पारदर्शिता और जनभागीदारी के जरिए ग्रामीण विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। धमतरी का यह मॉडल अब प्रदेश की अन्य पंचायतों के लिए एक मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है।

जिले का प्रदर्शन सिर्फ एक पंचायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विभिन्न विकास मानकों पर कई ग्राम पंचायतों ने ए प्लस और ए ग्रेड प्राप्त कर जिले की समग्र प्रगति को दर्शाया है।

### प्रमुख क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय कार्य

**स्वस्थ पंचायत** : बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाओं का विस्तार।
**जल संपन्न पंचायत** : जल संरक्षण और संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन।
**स्वच्छ एवं हरित पंचायत** : स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय पहल।

**मजदूर दिवस :** विस्थापन के बाद परिवारों का संघर्ष और उनकी अनदेखी की कहानी

# सांप-बिच्छुओं के बीच जी रहे रेलवे विस्थापित परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेलवे की जमीन से विस्थापित होने के बाद सैकड़ों गरीब मजदूर परिवार की जिंदगी बदहाल हो गई है। सौ से अधिक परिवार महिमासागर स्थित आधे अधूरे बहुमंजिला पीएम आवास में जैसे-तैसे जीवन बसर तो कर रहे हैं लेकिन डागा धर्मशाला में अपना ठिकाना बनाने वाले गरीबों का बुरा हाल है। वहीं दानीटोला ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास तथा पुरानी मंडी के पास बसे देवार परिवारों को सांप बिछुओं के बीच जीने की मजबूरी है।

धमतरी की हथेली में रेल की किस्मत रेखा खींची जा रही है। इस विकास के लिए स्टेशनपारा के 300 से अधिक गरीब परिवारों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। कुछ परिवार के लोग अपनी पुश्तैनी गांवों की ओर रूख कर लिए। कुछ परिवारों को किराये के मकान से छत मिली लेकिन अनेक परिवार ऐसे हैं जिन्हें बांस बल्ली, झिल्ली के पाल पर्दा से झोपड़ी बनाकर जीवन का सफर तय करना पड़ रहा है।


डागा धर्मशाला


पुराना कृषि उपज मंडी


महिमा सागर वार्ड


अधूरा पीएम आवास

### स्ट्रीट लाइट का सहारा

स्टेशनपारा में रहने वाले देवार परिवारों को कृषि उपज मंडी और बस स्टैंड के बीच सड़क पर जगह दी गई है। इसके अलावा कुछ देवार परिवार को दानीटोला ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास जगह दी गई है। मंडी के पास करीब 40 देवार परिवार तथा ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास 30 परिवार झोपड़ी बनाकर निवास कर रहे हैं। मंडी के पास रहने वाले मुस्कान, विक्की, रोशनी, प्रीतम, बबलू ने बताया कि स्ट्रीट लाइट से बिजली शाम 6 बजे सुबह 6 बजे तक मिलती है। पानी के लिए टेंकर आता है। पास की राइस मिल के भूसी उड़कर उनके डेरा में आने से परेशानी होती है। पानी निकासी के लिए सुविधा नहीं है। हर रोज सांप बिच्छुओं से सामना होता है। ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास रहने वाले परिवार के मीरा, पवन, लल्ला, गुंजा, रानी, अनीता, जानकी, मन्नू ने बताया कि यहां झोपड़ी बनाकर 25 परिवार रहते हैं। गली लाइन के सहारे बिजली मिल रही है। दिन में पेड़ों की छांव में रहने की मजबूरी है। जहरीले जीव जंतुओं से रोज आमना सामना होता है। बहुमंजिला पीएम आवास के बनने तक उन्हें बदहाल जिंदगी जीने की मजबूरी है। निगम और कलेक्ट्रोरेट का चक्कर लगाकर थक चुके हैं। शौचालय, पानी, बिजली, नाली की समस्या है।

### स्वयं के खर्च पर मीटर लगाया

महिमासागर वार्ड में बने आधे-अधूरे बहुमंजिला पीएम आवास में व्यवस्थापन होने वाले शांति बाई, रामजी मोची, मीरा बाई, ज्योति ने बताया कि जब यहां विस्थापित किया गया तो आवास आधा अधूरा था। खिड़की, दरवाजा, दीवार बनाकर रहने लायक आवास बनाया। इस आवास में शौचालय की सुविधा नहीं है। पानी को बाल्टी से तीसरी-चौथी मंजिल में चढ़ाना पड़ता है। पानी निकासी के लिए नाली नहीं है। खुले में शौच जाने की मजबूरी है। आवास में रहने के लिए इसे लोन में खरीदने कहा जा रहा है। बिजली के लिए अपने खर्च पर मीटर लगाया है।

### खुले में शौच जाने को विवश

शहर के सिहावा चौक स्थित डागा धर्मशाला में पनाह लेने वाले सुमित्रा ध्रुव, मंटोरा साहू, परमीला साहू, गीता बघेल, गंगा मंडावी, ज्योति कोसरिया ने बताया कि डागा धर्मशाला ढह चुकी है। इसकी उबड़ खाबड़ जमीन पर रेलवे से विस्थापित 30 परिवार रहते हैं। बांस बल्ली और पाल पर्दा से बनाई गई झोपड़ी में आदिमानव का जीवन बसर करना पड़ रहा है। बिजली की कोई सुविधा नहीं है। शौच के लिए खुले में जाना पड़ता है। कंपकंपाती ठंड में बच्चों के साथ जैसे तैसे समय बीत गया। वर्तमान के भीषण गर्मी में पेड़ों की छांव में दिन गुजर रहा है। आधी रात के बाद नींद लगती है। जहरीले जीव जंतु के बीच उन्हें बारिश की चिंता सता रही है।

## तापमान में 3 डिग्री की गिरावट

- गरज-चमक के साथ तेज हवा, हल्की बारिश, वज्रपात की संभावना

**धमतरी।** शहर के अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। आगामी दिनों में गर्मी से राहत रहेगी। 5 दिन तक तेज हवा, गरज-चमक, वज्रपात तथा हल्की वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण उड़ीसा से तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु होते हुए मन्नार की खाड़ी तक 1.5 किमी ऊंचाई पर बनी हुई है। शनिवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। शुक्रवार को धमतरी का तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया है। गत दिनों तापमान 42 डिग्री से पार हो गया था। पांच दिनों के भीतर तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।

**केबल चोरी का पर्दाफाश**

## पुलिस ने दो आरोपी को दबोचा चरमुड़िया चोरी अब भी बनी पहेली

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

क्षेत्रीय पंचायत प्रशिक्षण केंद्र में हुए केबल तार चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी चोर और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं ग्राम चरमुड़िया में सोने-चांदी एवं नकदी की चोरी की घटना अब भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कुरूद स्थित क्षेत्रीय पंचायत प्रशिक्षण केंद्र के गेस्ट हाउस में दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच अज्ञात चोरों ने केबल तार की चोरी की थी जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई गई। केंद्र के प्राचार्य हेमंत ठाकुर ने कुरूद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने संदेही दादू उर्फ रमेश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी दादू के साथ चोरी का सामान खरीदने वाले





कबाड़ी बसंत महिलांगे निवासी ग्राम छाती को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई केबल तार एवं तांबा बरामद किया गया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दी है। इधर दूसरी घटना में ग्राम चरमुड़िया के मेनोनाइट चर्च के पास स्थित एक सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद सहित कुल 53 हजार रुपये की चोरी कर ली। प्रार्थी नलेश नरमेल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## आईपीएल सट्टा पर पुलिस की एक और कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

आनलाइन आईपीएल सट्टा पर पैनी नजर रख रही कोतवाली पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, नकदी सहित 36 हजार रुपए जब्त किए गए हैं।

पेट्रोलिंग पर निकली सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से कुछ व्यक्तियों द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच में आनलाइन रूपये पैसों की हार जीत पर दांव लगाकर सट्टा संचालित किए जाने की सूचना मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान रूद्री रोड बग्गा बार के पीछे दबिश दी जहां आरोपी विकास पटेल एवं टिकेश्वर साहू को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ एवं जांच के दौरान दोनों आरोपी द्वारा आईपीएल मैच में आनलाइन सट्टा खिलाना पाया गया।



तलाशी के दौरान आरोपी विकास पटेल से एक नग मोबाइल कीमत 6 हजार, ट्रांजेक्शन का स्क्रीनशाट एवं नकदी 18 हजार रुपए बरामद किए गए वहीं आरोपी टिकेश्वर साहू के कब्जे से एक नग मोबाइल कीमत 10 हजार रुपए कुल नकदी सहित 36 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई। आरोपियों का कृत्य छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 7 एवं धारा 112 बीएनएस के तहत पाया गया।

पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी विकास पटेल पिता प्रकाश पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी पंचायत भवन के पास लालबगीचा धमतरी व टिकेश्वर साहू पिता भुखड़राम उम्र 27 कोटापारा गंगरेल थाना रुद्री निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## सड़क दुर्घटना में फूफा के बाद अब भतीजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 18 दिन से जिला अस्पताल में था भर्ती

सड़क दुर्घटना में फूफा की मौत होने के बाद 18 दिन से अस्पताल में भर्ती घायल भतीजा ने भी दम तोड़ दिया है।

चौकी पुलिस व परिजनों के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम घानापुरी निवासी अकबर सलाम उम्र 60 वर्ष बीते 12 अप्रैल को मोपेड चलाते हुए किसी काम से गुरुर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम चूल्हापथरा के पास वृद्ध मोपेड सहित गिरकर घायल हो गया था। सूचना पर बेटा सोहन सलाम अपने फूफेरे भाई त्रिलोक ध्रुव पिता कोमलदेव उम्र 28 वर्ष ग्राम घानापुरी निवासी के साथ उसी की मोटरसाइकिल से घटनास्थल पहुंचे। जहां घायल पड़े वृद्ध को मोटरसाइकिल में बिठाकर उपचार के लिए तीनों गुरुर अस्पताल जाने के लिए निकल रहे थे। घटनास्थल ग्राम चूल्हापथरा से निकल सभी मोखा मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में पहले से घायल वृद्ध की हालत गंभीर हो गई। वहीं पुत्र सोहन घायल हुआ। भतीजे त्रिलोक ध्रुव के सिर व दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी थी। वृद्ध सहित तीनों घायलों को गुरुर अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने तीनों को धमतरी रिफर कर दिया। संजीवनी 108 से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। घायल सोहन को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल त्रिलोक ध्रुव को रायपुर रिफर किया गया। परिजनों ने युवक को उपचार के लिए एकता अस्पताल में भर्ती कराया था जहां लगभग 18 दिन से भर्ती घायल त्रिलोक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



**श्यामतराई मंडी से अर्जुनी चौक तक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बिगड़ी, नई लाइट लगाने की मांग**

# मुख्य मार्ग की कई स्ट्रीट लाइट खराब, रात में छा जाता है अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के प्रमुख मार्ग श्यामतराई मंडी से अर्जुनी चौक तक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ती नजर आ रही है। सड़क के डिवाइडर पर लगाए गए कई ट्यूबलर पोल की लाइट लंबे समय से बंद पड़ी है। करीब 4 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 500 से अधिक पोल लगाए गए हैं, लेकिन बड़ी संख्या में वे अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिक रमेश चौधरी, प्रीतेश देवांगन, गौतम वैद्य आदि कहना है कि लगभग दो दशक पहले लगाए गए इन पोलों की गुणवत्ता शुरुआत से ही कमजोर रही है। समय के साथ इनकी स्थिति और खराब होती गई, जिससे अब बार-बार मरम्मत के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। लोगों ने पुराने पोलों को हटाकर नई और मजबूत व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई है।

### कई हिस्सों में अंधेरा, दुर्घटना का खतरा

बठेना चौक से श्यामतराई मंडी और नगर निगम स्कूल से बस स्टैंड तक कई स्थानों पर अंधेरा पसरा रहता है। वहीं अंबेडकर चौक से रुद्री चौक तक लगभग 5 किलोमीटर मार्ग पर न तो डिवाइडर की समुचित व्यवस्था है और न ही पर्याप्त प्रकाश की सुविधा। रात में इस मार्ग पर वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### हादसों में हुई बढ़ोतरी

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले तीन वर्षों में इस मार्ग पर मवेशियों से टकराने और अंधेरे के कारण कई हादसे हो चुके हैं। हर साल कई लोगों की जान जाने और दर्जनों के घायल होने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ गई है।

### सुधार की मांग तेज

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाकर नए केबल और आधुनिक लाइट सिस्टम लगाए जाएं। साथ ही खराब पोलों को पूरी तरह बदलकर टिकाऊ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि शहर में सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था बनी रह सके।



## खबर संक्षेप



### राजू ने श्रमिक दिवस पर खाया बोरे बासी

**अंवरी।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के पूर्व अध्यक्ष राजू साहू ने बोरे बासी खाया। उन्होंने कहा कि श्रमिक साथियों के खून, पसीने और मजबूत कंधों पर ही विकास और हर निर्माण की नींव है और हर काम में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। वही ऊर्जा छत्तीसगढ़ के बोरे बासी में निहित है।

### तेजस्विनी पांचवीं में अव्वल रही

**अंवरी।** शासकीय प्राथमिक शाला जोरातराई (अ) की छात्रा



तेजस्विनी देवांगन पिता रामेश्वर देवांगन ने कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में 89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरपंच पूर्णिमा साहू, समाजसेवी नन्द कुमार बनपेला, देवेंद्र साहू, दिलीप निषाद, दिलीप तारक, अयोध्या तारक, संपर्क दीदी यामेश्वरी निषाद ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### किरण देवांगन

**धमतरी।** ब्राम्हणपारा धमतरी निवासी किरण देवांगन (67) का गुरूवार की रात निधन हो गया। वे कुछ दिनों से



अस्वस्थ थे। वे दीपेश देवांगन, तारेन्द्र देवांगन के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से शुक्रवार की सुबह शांतिघाट के लिए निकली, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### कलिंद्रीबाई सिन्हा

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी कलिंद्री बाई सिन्हा उम्र 85 वर्ष का 30 अप्रैल गुरूवार को निधन हो गया। वे



जानू राम सिन्हा, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष जनक राम सिन्हा, पुरानिक सिन्हा, मनोहर सिन्हा की मां तथा खेमसिंग, तेजराम, प्रवीण, भूपेन्द्र, भास्कर सिन्हा की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### श्रीमती अनुसुइया बाई

**धमतरी।** नवागांव कंडेल निवासी श्रीमती अनुसुइया बाई साहू उम्र 86 वर्ष का 29 अप्रैल को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल को नवागांव में हुआ। वे शा स की य कर्मचारी सहकारी साख समिति धमतरी के संचालक मण्डल के सदस्य कृष्णाराम साहू एवं काशीराम साहू व प्रभु राम साहू की मां तथा वीरेंद्र साहू की दादी थी। उनके निधन पर कृपाशंकर मिश्रा, अरुण गौर, भीखम लाल साहू, ईश्वरीदयाल साहू, त्रिलोक मीनपाल, बेनीप्रसाद तिवारी, नंदकिशोर साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेंद्र, राजकुमार मिश्रा, राजेंद्र चंद्राकर, चन्द्रकुमार चंद्राकर, हनुमान सिंह वर्मा, अनीता घोरपड़े ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### देवाराम साहू

**कुरुद।** ग्राम मंदरौद निवासी देवाराम साहू का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे बानगर साहू समाज



परिक्षेत्र मंदिर समिति सदस्य एवं साहू समाज मंदरौद के सलाहकार थे। काफी मिलनसार, समाज के प्रति जागरूक एवं धार्मिक कार्यों में अपना विशेष योगदान प्रदान करते थे। वे दशमत साहू के पति एवं कुलेश्वर साहू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# कुरुद में प्रथम नागरिक के घर से हुई जनगणना कार्य की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

केंद्र सरकार के निर्देशानुसार जनगणना कार्य का औपचारिक शुभारंभ कुरूद नगर में किया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत नगर की प्रथम नागरिक एवं नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के निवास से हुई, जहां मतगणना दल में शामिल शिक्षकों एवं नगरपालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित कर्मचारियों ने आवश्यक जानकारी



### जनगणना प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण : ज्योति

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से नागरिकों और उनके मकानों की जानकारी केंद्र एवं राज्य सरकार तक पहुंचती है, जिससे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि जनगणना से देश की जनसंख्या, पहचान और विकास की दिशा तय होती है।

एकत्रित कर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से मकान क्रमांक 0001 आवंटित किया। जनगणना दल ने शुक्रवार से वंदेमातरम वार्ड क्रमांक 15 में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया है।

दल के सदस्यों ने नगर एवं क्षेत्रवासियों से जनगणना कार्य में सहयोग करने और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, ताकि सही और सटीक आंकड़े सरकार तक पहुंच सके।

### दोबारा मिला जनगणना का साक्षी बनने का अवसर

श्रीमती चंद्राकर ने यह भी बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के दौरान भी उन्हें प्रथम नागरिक के रूप में कार्य करने का अवसर मिला था और उस समय के आंकड़े आज भी उपयोग में हैं। वर्ष 2026 में पुनः जनगणना के दौरान इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

भारी वाहनों के कारण सड़कें हुई जर्जर, उड़ती धूल से लोग परेशान

# धौराभाठा-भोथा में समतलीकरण की आड़ में मुरुम का काला खेल, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

क्षेत्र में इन दिनों खनिज संपदा की सरेआम लूट मची हुई है। धौराभाठा और भोथा के ग्रामीण इलाकों में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से अवैध मुरुम खनन का कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल खेत समतलीकरण के नाम पर खेला जा रहा है।

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, खनन माफिया बड़ी-बड़ी जेसीबी और पोकलेन मशीनों का उपयोग कर खेतों को समतल करने का बहाना बना रहे हैं। हकीकत में जमीन की गहराई तक खुदाई कर बेशकीमती मुरुम निकाली जा रही है। दिन-रात हाइवा और डंपरों के जरिए इस मुरुम को चोरी-छिपे ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।



### राजस्व का लग रहा चूना

ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ शासन अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की बात करता है, वहीं दूसरी तरफ धौराभाठा भोथा क्षेत्र में अधिकारियों की नाक के नीचे बिना किसी रॉयल्टी और अनुमति के लाखों की मुरुम खपा दी गई है। लगातार चल रहे भारी वाहनों के कारण गांव की सड़कें भी जर्जर हो रही हैं और उड़ती धूल से लोग परेशान हैं।

### कार्रवाई का इंतजार

एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक खनिज विभाग या स्थानीय प्रशासन ने इस ओर रुख नहीं किया है। माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बेखौफ होकर दिन के उजाले में भी खुदाई जारी रखे हुए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इन पर कब नकेल कसता है या फिर यह अवैध कारोबार इसी तरह संरक्षण में चलता रहेगा।

### 12वीं में साक्षी ने 90.6 प्रतिशत अंक के साथ किया टॉप

**कुरूद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ की



छात्रा साक्षी साहू ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। ग्राम सिवनी खुर्द निवासी साक्षी, डॉ. नरेंद्र साहू की पुत्री हैं, जिन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बेलरदोना में 35.75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

- सीसी रोड, नाली, टिन शेड एवं निर्मला घाट निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत बेलरदोना में 35 लाख 75 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चौक पर हुआ। इस अवसर पर सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, टिन शेड निर्माण एवं निर्मला घाट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम में आवागमन सुगम होगा। स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी तथा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।



कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति टीआर कंवर, जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, सरपंच मानिकराम, भाजपा मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, कोमल दीवान, जयप्रकाश साहू,टोपचंद साहू, नरेंद्र सिन्हा, टीकाराम साहू, हेमंत साहू, लता सिन्हा, जमुना ध्रुव, ठाकुर राम साहू, रामेश्वर सिन्हा, श्रीराम सिन्हा, डॉ केआर साहू, हरिराम साहू, सियाराम, हीरासिंग निर्मलकर, उमेश साहू, रोशन ध्रुव, काशीराम, भोला राम साहू, भागीराम साहू, उपस्थित थे।

### पांचवीं में डाली रही अव्वल

**जीजामगांव।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाटापारा कोड़ेबोड़ की छात्रा डॉली कुर्रे कक्षा 5 वीं में अपने संकुल में 96 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वह पूर्व जनपद सदस्य जूदेवसिंग कुर्रे की पुत्री एवं नेत्र अधिकारी डॉ. लोमेश कुर्रे की भतीजी हैं।



इस उपलब्धि पर हेमलता कुर्रे, रितिका कुर्रे, स्वास्थ्य पर्वेक्षक तारा रात्रे, भव्यांश कुर्रे, परिधि कुर्रे, भाव्या कुर्रे, आयुषी कुर्रे एवं विद्यालय के प्रधान शिक्षक योगेश चंद्राकर, शिक्षिका तरुणा बंजारे, हेमलता पाटिल ने डॉली के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री चंद्राकर ने बताया कि डॉली शुरू से मेधावी छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हमेशा आगे रहती हैं।

### आकाश 10 वीं में 95 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम फुसेरा निवासी आकाश साहू ने शासकीय आत्मानंद पीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल अभनपुर में कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत अंक लाकर संस्था सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वे पूर्व जनपद सदस्य डॉ. लोकेश साहू और पूर्व सरपंच पूजा साहू के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर है। आकाश ने गणित ओर सामाजिक विज्ञान में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त किए। परिजनों ने उन्हें मिठाई खिलाई। आकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और उद्देश्य प्राप्ति के प्रति अटूट लगन से सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

# नक्सल गतिविधियों एवं गांजा तस्करी की सूचना साझा करें : परिहार

- नक्सल समाधान के पश्चात एसपी ने ली समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में नक्सल समाधान के पश्चात एसपी ने बोराई, कुंदई और विश्रामपुरी ट्राईजंक्शन पर समन्वय बैठक लेकर नक्सल गतिविधियों एवं अवैध गांजा तस्करी की सूचना साझा करने की अपील की है।

बैठक के दौरान एसपी सूरजसिंह परिहार ने बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नक्सल गतिविधियों एवं अवैध गांजा तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रियल टाइम सूचना आदान प्रदान को और अधिक सशक्त बनाया जाएं। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने, रात्रि गश्त एवं नाकेबंदी को प्रभावी बनाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सतत जांच करने के निर्देश दिए। एसपी ने इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत करने, प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित ठोस कार्रवाई करने, पूर्व नक्सल प्रभावित गांवों में जनसंवाद को बढ़ावा देने, ग्राम भ्रमण, आम जनता के साथ विश्वास, युवा वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने, जनजागरुकता एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। युवा वर्ग के भविष्य पर चिंता व्यक्त करते हुए एसपी ने ओडिशा से गांजे की खेप लाने वालों पर विशेष कार्रवाई के निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक में डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव सहित थाना मेचका, खल्लारी, नगरी, सिहावा, बोराई के पुलिस अधिकारी, बीएसएफ के कमांडेट तथा पड़ोसी राज्य ओडिशा के थाना कुंदई, रामघर एवं कोंडागांव के थाना माकड़ी, विश्रामपुरी, चौकी बांसकोट सहित एसआईबी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा सदैव मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध : वीरेंद्र

# जपं में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

जनपद पंचायत मगरलोड की सामान्य सभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस एवं उसके गठबंधन दलों द्वारा किए गए विरोध के खिलाफ सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक



ऐतिहासिक कदम है। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों का स्वागत करते हुए सभा ने विपक्ष के रवैये को महिला विरोधी बताया।

जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा सदैव मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, जनपद सभापति कृष्ण कुमार ध्रुव, श्रीमती तिलोत्तमा साहू, नंदनी साहू, सरिता कश्यप, बबीता ध्रुव, हेमलता ध्रुव, डुगेश्वरी साहू , रामकुमारी कश्यप, अनीता देशमुख, यमुना साहू, विनीता साहू, कविता सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सभा में पारित निंदा प्रस्ताव के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा हेतु निरंतर जनजागरण चलाने का संकल्प लिया गया।

## अंचल की खबरें

### हाईस्कूल कोलियारी के टॉपर्स का हुआ सम्मान



**अंवरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में ग्राम कोलियारी के होनहार छात्रों का सम्मान किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के पूर्व अध्यक्ष राजू साहू ने ग्राम पंचायत कोलियारी की पंच श्रीमती ललिता वासुदेव साहू के पुत्र अरविंद साहू (91.14 प्रतिशत, गणित में 100 अंक) को प्रथम, रीना यादव (85.5 प्रतिशत) को द्वितीय और चुनिका साहू (85.1 प्रतिशत) को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें श्रीफल और पेन भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से गांव के छात्र-छात्राएं भी शहर के बच्चों के बराबर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. गैंदलाल साहू मड़ेली मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी और परिवारजन भी उपस्थित थे। इस वर्ष स्कूल का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा।

### हाईस्कूल उमरगांव का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा



**नगरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। उमरगांव हाईस्कूल का परिक्षा परिणाम अच्छा रहा। प्रथम कुमारी ख्याति साहू पिता मनोज साहू 88.3 प्रतिशत, द्वितीय हेमा धुव्र पिता शिव कुमार धुव्र 86.6 प्रतिशत एवं तृतीय धात्री साहू पिता प्रेम साहू 86.5 प्रतिशत रही। प्राचार्य अनीता सोम, सरपंच अंजना धुव्र, जनपद सदस्य क्षमा साहू, चन्द्रभान यादव, पूनम कश्यप, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक डोमन साहू, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक सरोज प्रधान ने हर्ष जताया है।

### सशिमं आमदी का रिजल्ट उत्कृष्ट



**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमदी में वार्षिक परीक्षा घोषित किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार साहू, लोकेश कुमार साहू, पन्नालाल साहू एवं विद्यालय समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू, सचिव रामचंद देवांगन, कोषाध्यक्ष राधेश्याम साहू, ज्योति साहू नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष, कोमल यादव नगर पंचायत आमदी उपाध्यक्ष, हेमंत माला, कृष्ण कुमार पटेल द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। अतिथियों ने सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस आयोजन में प्राचार्य जनक राम साहू, शिक्षक प्यारेलाल साहू, चंद्रहास साहू, नंदूराम कुंभकार, लोमेश्वर कुमार, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवल राम, शिक्षिका उर्मिला साहू, प्रेमा साहू, लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, नर्मदा मटियारा, तारिणी साहू, तेश्वरी पटेल, लोमिका साहू, रेणुका साहू का योगदान दीया। पवन बंजारे ने छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए पाठ्य सामग्री भेंट की।

### पांचवीं में 90.50 प्रतिशत के साथ भेषराज प्रथम



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में कक्षा पहली से पांचवीं तक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली में प्रथम मोनिका साहू 98 प्रतिशत, द्वितीय राजवीर दीवान 87 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में प्रथम चेतना कंवर 96 प्रतिशत, द्वितीय आर्यन कंवर 89 प्रतिशत, कक्षा तीसरी में प्रथम श्रेया गायकवाड़ 88.5 प्रतिशत, द्वितीय पायल साहू 83.5 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम तुषार कंवर 76.5 प्रतिशत, द्वितीय डामेश्वर कंवर 73 प्रतिशत, कक्षा पांचवीं में प्रथम भेषराज कंवर 90.50 प्रतिशत, भूमिका कंवर 90.50 प्रतिशत, द्वितीय गरिमा साहू 86 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव ने कहा कि पढ़ाई सफलता की पहली सीढ़ी है, जो आपके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग खोलती है। मोबाइल जैसी ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहकर किताबों से दोस्ती करें क्योंकि यही आपकी ज़िन्दगी रंगीन बना सकती है। मौके पर पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, शाला समिति के अध्यक्ष राजनारायण कंवर, सालिकराम साहू, दीपक साहू, अमित सिन्हा, विरेन्द्र मानिकपुरी, प्रधानपाठक उर्वशी चन्द्राकार, शिक्षिका शाहनाज बानो, अनीता साहू, वीणा गजेंद्र, संतोषी कंवर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस नेता जाधव ने खाया बोरे बासी

**धमतरी।** श्रमिक दिवस पर मजदूरों के सम्मान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक जाधव ने बोरे बासी खाया और संदेश दिया कि छग की विरासत और परम्परा को जीवंत रखे।

### शिवसेना ने श्रमिक दिवस पर एकता पर दिया जोर

**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना ने मजदूर साथियों के साथ उत्साहपूर्वक मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर मजदूरों को संबोधित करते हुए शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में बड़े उद्योगपति आकर मजदूरों के बीच फूट डाल रहे हैं और खदानों के मशीनीकरण के माध्यम से मजदूरों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। शिवसेना ने मजदूर दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार से विभिन्न मांगें रखीं, जिसमें मजदूरों को उनके अधिकार दिलाना, वृद्धावस्था पेंशन सुविधा, निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था, मुफ्त बीमा, दुर्घटना की स्थिति में उचित मुआवजा तथा उनके भविष्य के लिए ठोस कदम उठाने की मांग शामिल है।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत जवेली निवासी 35 वर्षीय सुखराम नुरूटी पिता डूसूराम ने जहर खाबर अपनी जान दे दी। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 27 अप्रैल को मौत हो गया। युवक ने जहर किस कारण से खाया यह फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जवाहर कांकेर निवासी 21 वर्षीय क्षगन यादव पिता संपत यादव को गंभीर चोट आने कि वजह से 30 अप्रैल को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सीजी बोर्ड द्वितीय मुख्य परीक्षा, 30 तक मौका

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित द्वितीय मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के लिए हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी तथा अवसर परीक्षा के आवेदन पत्र 4 से 30 मई तक सामान्य शुल्क के साथ ऑनलाइन भरे जाएंगे। बोर्ड की इस परीक्षा से हजारों विद्यार्थियों को दोबारा सफलता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। द्वितीय मुख्य परीक्षा में वे सभी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो प्रथम मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 में पंजीकृत रहे हैं। ऐसे विद्यार्थी जो पूरक श्रेणी में हैं, अनुत्तीर्ण हैं अथवा उत्तीर्ण होकर अपनी श्रेणी सुधारना चाहते हैं, वे भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को अपने परिणाम बेहतर बनाने और आगामी शिक्षा के लिए नए अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में पहली बार पंजीकृत होकर अनुत्तीर्ण या पूरक आए परीक्षार्थी भी क्रेडिट योजना के तहत पात्रतानुसार अपने अनुत्तीर्ण विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

# धमतरी नगर में अब इंडियन कॉफी हाउस, पहले ही दिन उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिहावा रोड स्थित वन कार्यालय के सामने इंडियन कॉफी हाउस का शुभारंभ किया गया। इस प्रतिष्ठान के शुरू होने से अब स्थानीय लोगों को कॉफी और विविध व्यंजनों के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने फीता काटकर कॉफी हाउस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह स्थान केवल भोजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान और रचनात्मक चर्चाओं का भी केंद्र बनेगा।

कॉफी हाउस के प्रारंभ होने से शहर के युवाओं, विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों को एक ऐसा स्थान मिलेगा, जहां वे सहज वातावरण में बैठकर संवाद कर सकेंगे। यह जगह सामाजिक मेलजोल और बौद्धिक गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, वार्ड पार्षद आशा लोधी, मेघराज ठाकुर, संतोष सोनकर, आकाश जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल बरडिया, वरिष्ठ पत्रकार रंजीत छाबड़ा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री बीथिका बिश्वास, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा रेशमा शेख, महिला मोर्चा से पवित्रा दीवान, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय हिन्दूजा, भाजपा नेत्री रितिका यादव, भाजयुमो मंत्री पंकज साहू, पत्रकार आशीष बंगानी, विजय साहू, लोकनाथ साहू, सुरेश वर्दयानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी, कार्यकर्ता और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## सिहावा रोड पर शुरू हुआ नया कॉफी हाउस, पहले दिन ही उमड़ी भीड़



### प्रशासनिक पहल से साकार हुई योजना

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल से इस प्रतिष्ठान की शुरुआत संभव हो सकी है। लंबे समय से शहर में ऐसे केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और खाद्य एवं आतिथ्य क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।



### देशभर में स्थापित है पहचान

इंडियन कॉफी हाउस देशभर में अपनी सादगी, गुणवत्ता और किफायती दरों के लिए प्रसिद्ध है। इसे द इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा संचालित किया जाता है, जिसकी स्थापना वर्ष 1958 में हुई थी। वर्तमान में यह संस्था 20 राज्यों में 200 से अधिक शाखाओं के साथ कार्यरत है और लगभग 11 हजार कर्मचारी इससे जुड़े हैं।

### अलग-अलग किचन, बेहतर सुविधा

एरिया जनरल मैनेजर अच्छुदन नायक ने बताया कि यहां ग्राहकों को वही स्वाद मिलेगा जो अन्य शहरों में उपलब्ध है। धमतरी शाखा के मैनेजर जिसोर जगन ने जानकारी दी कि यहां वेज और नॉनवेज दोनों प्रकार के व्यंजन उपलब्ध होंगे, जिनके लिए अलग-अलग किचन और शेफ की व्यवस्था की गई है। शुभारंभ के पहले दिन ही बड़ी संख्या में लोग कॉफी हाउस पहुंचे और कॉफी तथा स्नैक्स का आनंद लिया।

## आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता : आखिर कहां जा रही प्रदेश की युवा आबादी

# स्कूलों से 'गायब' हो रहे लड़के क्लासरूम में बेटियों का राज




यशवंत गंजीर ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ में शिक्षा के ताजा आंकड़ों ने एक गंभीर और चौंकाने वाली तस्वीर सामने रखी है।

हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं के अनुपात ने सामाजिक संतुलन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां प्रदेश का सामान्य लिंगानुपात संतुलन के करीब है, वहीं स्कूलों में लड़कियों की संख्या लड़कों से कहीं अधिक दर्ज की जा रही है। यह अंतर अब सामान्य न होकर एक गहरी सामाजिक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रहा है।

**भावी पीढ़ी पर खतरा, प्राथमिकता तय करने का वक्त**

शिक्षाविदों का कहना है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो आने वाले समय में श्रम बाजार और सामाजिक ढांचे पर इसका गंभीर असर पड़ेगा। एक ओर बेटियों का शिक्षा में आगे बढ़ना सकारात्मक संकेत है, वहीं लड़कों का तेजी से शिक्षा से बाहर होना चिंता का विषय बनता जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या प्राथमिकता केवल योजनाओं और कागजी उपलब्धियों तक सीमित है, या वास्तव में भावी पीढ़ी को बचाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार शिक्षा, समाज कल्याण और रोजगारोन्मुखी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाना अब बेहद जरूरी हो गया है।

### पढ़ाई छोड़ काम और नशे की ओर बढ़ते किशोर

जमीनी पड़ताल में सामने आया है कि 10वीं के पहले ही हर हजार में करीब 300 लड़के स्कूल छोड़ रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में लड़कों पर कमाने का दबाव अधिक रहता है, जिसके कारण वे मजदूरी, छोटे-मोटे काम या असंगठित क्षेत्र में लग जाते हैं। कुछ मामलों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी उन्हें पढ़ाई से दूर कर रही है। परिवारों में उन्हें कमाने वाला हाथ मानकर जल्दी काम पर भेज दिया जाता है, जिससे उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है।

### योजनाओं का असर बेटियों पर, लेकिन बड़ा सवाल बरकरार

दूसरी ओर, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति और अन्य प्रोत्साहन योजनाओं का सकारात्मक असर लड़कियों की शिक्षा पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। बालिकाएं स्कूलों में टिके रहने के साथ-साथ उच्च कक्षाओं तक पहुंच रही हैं। वहीं कुछ परिवार लड़कों को निजी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों या तकनीकी शिक्षा के लिए बाहर भेजते हैं, जिससे वे बोर्ड के आंकड़ों में पूरी तरह शामिल नहीं हो पाते। बावजूद इसके विशेषज्ञों का मानना है कि यह अंतर केवल डेटा का भ्रम नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ सामाजिक संकट है।

### आंकड़ों में बड़ा अंतर, 12वीं में लिंगानुपात 1390

कक्षा 10वीं में करीब 1 लाख 40 हजार लड़कों के मुकाबले 1 लाख 76 हजार से अधिक लड़कियां परीक्षा में शामिल हुईं, जिससे लिंगानुपात 1255 दर्ज हुआ। वहीं 12वीं में यह अंतर और बढ़ गया। करीब 1 लाख 2 हजार लड़कों के मुकाबले 1 लाख 42 हजार से अधिक लड़कियां परीक्षा में बैठीं। इस तरह 12वीं में लिंगानुपात बढ़कर 1390 तक पहुंच गया, जबकि इस आयु वर्ग में सामान्य लिंगानुपात 950 से 970 के बीच होना चाहिए। यह अंतर अपने आप में एक बड़ा संकेत है कि बड़ी संख्या में लड़के शिक्षा की मुख्यधारा से बाहर हो रहे हैं।

## दीपक सर्व ब्राम्हण समाज युवा मंच के जिलाध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश स्तरीय उपनयन संस्कार में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा एवं युवा मंच प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत शर्मा की उपस्थिति में व वर्तमान जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा की सहमति से पूर्व शहर अध्यक्ष दीपक पांडेय को धमतरी सर्व ब्राम्हण समाज युवा मंच का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। दीपक ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि 2008 से लगातार धमतरी में सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच एक रचनात्मक संगठन है जो अपने मुख्य उद्देश्य सहयोग, सेवा और समर्पण की भावना को लेकर कार्य करता है। मुझसे पहले जिलाध्यक्ष रहे

विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडेय, युवराज शर्मा और शुभांक मिश्रा के नेतृत्व में लगातार 19 वर्ष से बड़े बड़े आयोजनों के माध्यम से अपनी छाप छोड़ी है।

दो बार धमतरी को प्रांतीय अधिवेशन में बेस्ट जिला का पुरस्कार मिल चुका है। जल्द ही सबकी सहमति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। उनकी नियुक्ति पर गोपाल शर्मा, राजेन्द्र श्रोती, भूपेंद्र मिश्रा, दीप शर्मा, देवेन्द्र मिश्रा, दीपक शर्मा, अशोक पांडेय, अयोध्या पांडेय, बालेन्द्र पांडेय, श्रीकांत तिवारी, राहुल तिवारी, क्षितिज मिश्रा, आतिश मिश्रा, महिला मंच की जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, हेमलता शर्मा, सीमा चौबे, अंकिता मिश्रा, शोभा दुबे, आयुषी पांडेय, लक्ष्मी शर्मा, झंकार शर्मा ने हर्ष जताया है।

## बस स्टैंड व सिहावा चौक में फैलाई गंदगी, 16 लोगों से वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बस स्टैंड एवं सिहावा चौक क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 16 लोगों पर कुल 2900 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

नगर निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ लोग खुले में कचरा फेंककर एवं स्वच्छता नियमों का उल्लंघन कर रहे थे, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित लोगों पर अर्थदंड लगाया गया और उन्हें भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। नगर निगम की इस पहल को शहरवासियों द्वारा सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है। यह कार्रवाई न केवल नियमों के पालन को सुनिश्चित करेगी, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। स्वच्छ शहर की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## माहेश्वरी समाज के राजेंद्र पुनः अध्यक्ष बने



**धमतरी।** माहेश्वरी समाज धमतरी के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। राजेंद्र माहेश्वरी को पुनःअध्यक्ष बनाया गया है जबकि डॉ श्रीकांत जाजू सचिव, राधेश्याम राठी तीसरी बार कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। इनकी नियुक्ति पर लक्ष्मीचंद बाहेती, जेठमल झंवर, सत्यनारायण राठी, देवेंद्र कुमार राठी, लक्ष्मीनारायण राठी, नारायण बंग, दीपक लखोटिया, मदनलाल झंवर, विजय भूतड़ा, उमेश टावरी, गोविंद गांधी, नंदकिशोर राठी, अनिल जाजू, राकेश झंवर, गोविंद राठी, सुबोध राठी, राहुल लखोटिया समेत अनेक समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अंचल की खबरें

### 10वीं में दीप्ति रही अव्वल



**धमतरी।** मां दन्तेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा विद्यालय से कक्षा दसवीं से छात्रा दीप्ती पिता खोमनलाल देवांगन 80.16 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय रोहिणी पिता स्व. कोमल वर्मा 72.66 प्रतिशत एवं तृतीय अनुराग पिता प्रमोद नाग 69.16 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर आचार्या श्रीमती लीला साहू, वर्षा देवांगन, मोहन साहू, पूर्वी सोनकर, वीणा साहू, दुर्गा देवांगन, सोनाली रजक, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, फाल्गुनी ढीमर, प्रियंका यादव, छाया तिवारी, काजल यादव, आवेश चांडक, भूखिन ध्रुव सहित पालकगण उपस्थित थे।

### पार्षद मेश्राम ने मजदूरों को गमछा, श्रीफल भेंट किया



**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर डाकबंगला वार्ड की महिला कांग्रेस पार्षद सुमन मेश्राम ने वार्ड के मेहनतकश मजदूरों का सम्मान कर श्रमेव जयते का संदेश दिया। स्थानीय अंबेडकर चौक पर निर्माण कार्य कर रहे श्रमिकों को गमछा व श्रीफल भेंटकर उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर पार्षद ने कहा कि ये गमछा आपके पसीने का साथी है। यही पसीना देश को सींचता है। आज जो ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें, लंबे पुल दिखते हैं, वो किसी नेता की फोटो से नहीं, मजदूर के पसीने से बने हैं। मजदूर देश की रीढ़ है। उनके बिना विकास की कल्पना अधूरी है।

### राहगीरों की प्यास बुझाने प्याऊ घर का शुभारंभ



**धमतरी।** बढ़ती गर्मी और तपती धूप को देखते हुए प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। यह आयोजन गुरुदेव संकर्षण शरण की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुकेश पांडे एवं श्रीमती कमला पांडे ने किया। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और इस भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जनसमूह को शरबत का वितरण किया गया। इसके साथ ही मंगल उत्सव की परंपरा को निभाते हुए महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की गई। मौके पर कमलेश गुप्ता अध्यक्ष, बसंती शर्मा उपाध्यक्ष, पूनम तिवारी, वाचा, सुनैना मिश्रा, कविता यादव, भारती तिवारी, अनीता पांडे, सुशीला चंद्रवंशी, वृंदावन गुप्ता, सुनीता ध्रुव, धरा, जितेंद्र तिवारी, निपेंद्र सिंह ठाकुर एवं शरद सिंह ठाकुर मौजूद थे।

### जिपं सभापति ने किया कुसुमलता का सम्मान



**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल कंडेल (धमतरी) की छात्रा कुमारी कुसुमलता बिपरे ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त कर धमतरी जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन उनके निवास स्थान पहुंचकर कुमारी कुसुमलता का सम्मान किया। श्रीमती देवांगन ने कहा कि कुसुमलता की यह सफलता जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से ही इस प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त होती हैं। आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर समाज को गौरवान्वित कर रही हैं। मौके पर भाजपा मंडल भोथली अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, पूर्व गंगरेल मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, वरिष्ठ कार्यकर्ता यतीश भूषण श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे।

### सेलदीप में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**कुरूद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ग्राम पंचायत सेलदीप में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत द्वारा मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मानित छात्रों में 12वीं के छात्र विकास साहू पिता परशुराम साहू ने 84.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 10वीं के छात्र सूर्य वेदान्त साहू पिता पवन कुमार साहू ने 94.50 प्रतिशत और हिशिका साहू पिता भोलाराम साहू ने 89.80 प्रतिशत अंक हासिल कर गांव का नाम रोशन किया।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं–
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता – तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग – सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740